BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (05.12.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 15.12.2024, PAGE-06

विभागों ने पैट 22 का रिजल्ट विवि को भेजा

मुजफ्फरपुर। पैट 2022 का अंतिम रिजल्ट तैयार हो गया है और विभागों ने इसे बीआरए बिहार विवि को भेज दिया है। अब रिजल्ट में एकेडमिक स्कोर को जोड़ा जाएगा। उससे पहले छात्रों की मार्क्सशीट का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के बाद अंतिम मेधा सूची रोस्टर के आधार पर जारी की जाएगी। बिहार विवि में काफी समय से पैट 2022 के रिजल्ट का इंतजार किया जा रहा है।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:..................... **Date:...........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 05.12.2024, PAGE-04

पैट का रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पैट 2022 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के फाइनल रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप और एकेडमिक प्वाइंट कैलकुलेशन समिति के सदस्य सचिव सह विकास पदाधिकारी डा. रमेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में अभ्यर्थियों के एकेडमिक प्वाइंट की गणना शुरू हो गई। पीजी विभागों से आए पैट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के प्राप्तांकों को समिति ने विषयवार देखकर एंट्री शुरू की। इस आधार पर एकेडमिक प्वाइंट का निर्धारण होगा। इसके बाद रोस्टर समिति अपना कार्य करेगी। पैट 2022 की परीक्षा के बाद पीजी विभागों में कुल 243 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू हुआ था।

हरेक अभ्यर्थी की एकेडमिक प्वाइंट की गणना अलग-अलग होनी है। ऐसे में कुछ समय लग रहा है। बताया जा रहा है कि दो से तीन दिनों में एकेडमिक प्वाइंट की गणना हो जाएगी। कुल 100 अंकों के स्केल पर फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार होना है। इसमें पीजी के प्राप्तांक पर अधिकतम 70 अंकों का वेटेज मिलना है।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.....................   Date:..........................

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 05.12.2024, PAGE-04

पीएचडी के इंटरव्यू का अंक भेजा, प्वाइंट की गणना शुरू

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के सभी पीजी विभागों ने पीएचडी एडमिशन टेस्ट- 2022 में सफल हुए अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का अंक विवि को बंद लिफाफा में उपलब्ध करा दिया. विवि स्तर पर गठित प्वाइंट्स कैलकुलेशन कमेटी के सदस्य सचिव डॉ रमेश विश्वकर्मा की देखरेख में अंकों की गणना शुरू हो गयी है. 10 दिसंबर से पहले विवि से पैट-2022 का फाइनल परिणाम जारी करने की तैयारी है. अंकों की गणना के बाद रोस्टर के अनुसार परिणाम जारी किया जाएगा. पैट-2022 की परीक्षा के बाद पीजी विभागों में कुल 243 अभ्यर्थी साक्षात्कार शामिल हुए थे. विवि की ओर से बताया गया कि कुल 100 अंकों के स्केल पर फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी

पीजी में प्राप्त अंकों का सबसे अधिक होगा वेटेज : विवि की ओर से बताया गया कि पीजी में प्राप्त अंकों का वेटेज सबसे अधिक होगा. 100 अंकों के स्केल में 70 अंक पीजी के आधार पर निर्धारित किये जायेंगे. पीजी में 50 से 55 प्रतिशत अंक है तो उसे 40 अंकों का वेटेज मिलेगा. 55 से 60 प्रतिशत अंक होने पर 45, 60 से 65 प्रतिशत प्राप्तांक पर 50, 65 से 70 प्रतिशत अंक पर 55, 70 से 75 प्रतिशत पर 60, 75 से 80 प्रतिशत पर 65 और 80 प्रतिशत से अधिक अंक पर 70 अंकों का वेटेज दिया जायेगा. नेट, बेट या पैट की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी को पांच अंक व जेआरएफ वाले अभ्यर्थी को 10 अंकों का वेटेज मिलेगा. इंटरव्यू के लिए 20 अंक निर्धारित किये गये हैं.

- 10 दिसंबर से पहले जारी होगा पैट-2022 का फाइनल परिणाम
- जेआरएफ वाले अभ्यर्थियों को मिलेगा 10 अंकों का वेटेज

सीटों के पेच में अबतक रिजल्ट नहीं हुआ जारी

विवि में इस सत्र में सीटों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण अबतक फाइनल परिणाम जारी नहीं हो सका था. साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थी कई महीने से परिणाम के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं. विवि की ओर से कहा गया है कि दो से तीन दिनों में अंकों की गणना का कार्य पूरा हो जाएगा. इसके बाद रोस्टर के अनुसार परिणाम जारी कर दिया जायेगा.